# सिविल सर्विसेस ऑफिसर्स को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी, धुर्वा, राँची

आज दिनांक 28.10.2024 को सिविल सर्विसेस ऑफिसर्स को–ऑपरेटिव सोसाईटी की कार्यकारिणी सदस्य की बैठक श्री आर0पी0सिंह, भा0व0से0 की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए।

1. श्री आर0 पी0 सिंह, भा0व0से – अध्यक्ष
2. श्री आर0 के0 मल्लिक, भा0पु0से0 – उपाध्यक्ष–सह–सचिव
3. श्री हंस राज सिंह, भा0प्र0से0 – कोषाध्यक्ष
4. श्री रेजी डुंगडुग, भा0पु0से0 – सदस्य
5. श्री अशोक कुमार सिंह, भा0व0से0 – सदस्य
6. श्री कमलेश पाण्डेय, भा0व0से0 – सदस्य
7. श्री सतीश कुमार, भा0रे0अ0से0 – सदस्य

बैठक में निम्नलिखित ऐजेन्डा पर विचार विमर्श हुआ और निर्णय लिया गयाः–

1. प्लॉट का निरीक्षण करने पर पाया गया कि एक दो जगह रास्ते में धान के पौधे लगे हुए है। 15 नवम्बर तक धान कट जाएगा उसके बाद trench का कार्य किया जाएगा। उसके पश्चात सड़क का ले आउट कर सरफेस को काटकर मिट्टी मोरम से सड़क निर्माण कराना।
2. आर्किटेक्ट द्वारा पूर्व में कराये गये कार्य के विरूद्ध लगभग 11.00 लाख का बिल दिया गया है, जिसके एवज में 10.00 लाख का भुगतान किया जा चुका है एवं 10.00 लाख का अग्रिम आर्किटेक्ट श्री अरूण कुमार, वास्तुविद्व को दिया गया है।
3. नया ऑफिस के स्थल का चयन किया जाए एवं अशोकनगर में नया ऑफिस खोलने का निर्णय लिया गया एवं जगह तलाशने की कार्यवाही की जायगी।
4. Exit policy के तहत् जो सदस्य को–ऑपरेटिव सोसाईटी के सदस्यता छोड़ना चाहते हैं, उन्हें सदस्यता छोड़ने के लिए स्वतंत्र करने का निर्णय लिया गया। उन्हें मात्र Development charge में जमा की गई राशि बिना सूद के वापस की जायगी।
5. प्लॉट बँटवारे के लिए लॉटरी के तहत 15 दिसम्बर, 2024 की तिथि निर्धारित की गयी।
6. SBI हटिया ब्रांच से सेविंग एकाउन्ट को HDFC Bank Hinoo में सिफ्ट करने का निर्णय लिया गया।

7. साईट में पूर्व से जो नाईट गार्ड रखा गया था, उसको फिलहाल रखने का निर्णय लिया गया।
8. बाउन्ड्री का कार्य पूरा करने हेतु संवेदक को निदेश देने का निर्णय लिया गया।
9. श्री नरेन्द्र मिश्रा के पत्र के जबाब में श्री ए0 के0 सिंह, सेवानिवृत्त भा0प्र0से0 वर्तमान अधिवक्ता से सम्पर्क कर जबाब भेजा जाएगा।
10. गेट का डिजाईन देखकर अनुमोदित किया गया एवं गेट लगाने का प्रस्ताव पास किया गया।
11. सोसाईटी के अधिकारी एवं सदस्य दिनांक 2.11.2024 को सोसाईटी के साईट में जाकर वस्तु स्थिति से अवगत होने पर सहमति व्यक्त की गयी।
12. डिफॉल्टर सदस्यों का लिस्ट पुराने प्रोसिडिंग के अनुसार निकालकर अगली बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।
13. श्री एस0डी0प्रधान का मानदेय 500/– बढ़ाए जाने के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया एवं गार्ड श्री राजेन्द्र राम एवं श्री मणिनाथ महतो को 1000/– मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया गया। गार्ड का मानदेय 5000/– से बढ़ाकर 6000/– करने का निर्णय लिया गया।

14. अन्यान्यः–

   1. श्री राज कुमार, भा0प्र0से0 के द्वारा अपने पद सचिव से स्तीफा दिया गया, जिसे स्वीकार करने का निर्णय लिया गया।
   2. सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने हेतु JREDA से सम्पर्क कर प्राक्कलित राशि पता करने का निर्णय लिया गया।
   3. बाद में ट्रांसफर्मर लगाने का निर्णय लिया गया।
   4. कैश बुक अप टू डेट नहीं है, उसके लिए चार्टर एकाउन्टेन्ट श्री सुशील कुमार से सम्पर्क किया जाए।
   5. आर्किटेक्ट से कहा गया कि नाली, सड़क एवं utility ~~क्षेत्र~~ Duct निर्माण में क्या खर्च आएगा, उसका DPR बनाकर उपस्थापित करें।

धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्रवाई सम्पन्न हुई।

(आर0 के0 मल्लिक)
उपाध्यक्ष–सह–सचिव

(आर0पी0 सिंह)
अध्यक्ष